दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Social Justice Union
Govt. Registered

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, शनिवार 29 दिसम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-90

## नए साल से बदल जाएगी मोदी सरकार की खास पेंशन स्कीम

नई दिल्ली (आरएनएस)। नए साल से बहुत से बदलाव होने वाले हैं जिसमें से कुछ लोगों की सुविधाओं के लिए होंगे, जिसमें एनपीएस स्कीम भी शामिल है। वित्त वर्ष 2019-20 में एनपीएस स्कीम ईईई कैटेगरी में आ जाएगी जिससे मैच्योरिटी पीरियड पूरा होने या रिटायरमेंट पर एनपीएस से की जाने वाली निकासी पूरी तरह से टैक्स फ्री होगी। एनपीएस स्कीम केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के साथ ही आम लोगों के लिए भी है जिसमें 1000 रुपए लगाकर 2 लाख रुपए तक का रिटर्न और जीवनभर 5000 रुपए तक पेंशन पा सकते हैं। गौर हो कि केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए एनपीएस के तहत सरकार की ओर से दिया जाने वाला योगदान 10 से बढ़ाकर 14 फीसद हो गया है जबकि कर्मचारियों का न्यूनतम योगदान 10 फीसदी ही है।



### उम्र सीमा

18 साल से 65 साल तक का व्यक्ति इस स्कीम में निवेश कर सकता है। इसमें निवेशकों का पैसा शेयर और बॉन्ड मार्केट में लगाया जाता है। हालांकि मुनाफा बाजार के उतार-चढ़ाव पर निर्भर होता है फिर भी एनपीएस में नियमित निवेश से अच्छा मुनाफा होता है।

### टैक्स में लाभ

एनपीएस में टैक्स में छूट के 2 तरीके हैं जिसमें बेसिक सैलरी और डीए के 10 फीसदी एनपीए निवेश पर टैक्स छूट मिलती है। सेक्शन 80 सीसीडी-1 के तहत डेढ़ लाख तक और सेक्शन 80 सीसीडी-1(बी) के तहत 500 रुपए की अतिरिक्त छूट का लाभ मिलता है। कॉरपोरेट्स को भी अपने कर्मचारियों के लिए कॉन्ट्रिब्यूशन पर 80 सीसीडी के तहत टैक्स बैनेफिट मिलता है।

### ऐसे कैलकुलेट करें लाभ

उदाहरण के लिए शाम ने 25 साल तक इस स्कीम में हर महीने 1000 रुपए लगाए जिस पर उसे 8 फीसदी का इंटरेस्ट मिला। ऐसे में शाम का टोटल पेंशन वेल्थ 9.49 लाख होगा। पेंशन स्कीम के रूल के तहत शाम को 40 फीसदी यानी 1.89 लाख रुपए की राशि निकाल सकेगा और बाकि पैसे पेंशन के तौर पर उसे हर महीने मिलेंगे। इस लिहाज से वह हर महीने 5,062 रुपए पेंशन के रूप में प्राप्त करेगा।

## आगामी लोस चुनाव के पूर्व किसानों को मिलेगी बड़ी राहत

नई दिल्ली (आरएनएस)। हाल में हुए विधानसभा चुनावों में बीजेपी को तीन हिंदी भाषी राज्यों में मिली करारी हार के बाद आगामी लोकसभा चुनाव के पूर्व सरकार किसानों को उनकी समस्याओं के मद्देनजर बड़ी राहत देने के मूड में नजर आ रही है। इसके तहत तेलंगाना के केसीआर सरकार के मॉडल के मुताबिक केंद्र किसानों के लिए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर स्कीम के बारे में विचार कर रही है। इसे लेकर सरकार में कई दौर की वार्ता हो चुकी है। छोटे और सीमांत किसानों को बीज, खाद, कीटनाशक और मजदूरी जैसे खर्चों के लिए एक सीमित रकम सीधे उनके खाते में डालने पर विचार चल रहा है।



सूत्रों का कहना है कि इस तरह की स्कीम में करीब 1.3 लाख करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इस खर्च को केंद्र और राज्य सरकारें साझे तौर पर उठा सकती हैं। इन वार्ताओं में शामिल रहे कुछ लोगों का मानना है कि 70.30 के रेशियो में केंद्र और राज्य इस खर्चे का बंटवारा कर सकते हैं।

एक अधिकारी ने बताया कि यह एक राजनीतिक फैसला होगा। उनके मुताबिक इसके खर्च और तय समय में इसे लागू करना एक चुनौती हो सकती है लेकिन कई राज्यों में बीजेपी की सरकार होने से मोदी सरकार को मिल सकती है। उन्होंने बताया कि इस मोर्चे पर कांग्रेस की सरकारों का भी समर्थन मिलेगा क्योंकि आखिरकार ये किसान समस्या को कम करने में मदद मिलेगी।

## आस्ट्रिया के वियना में चर्च पर हमला, 15 लोग घायल

वियना (आरएनएस)। आस्ट्रिया की राजधानी वियना में दो अज्ञात बंदूकधारी ने चर्च पर हमला कर दिया जिसमें 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने गुरुवार को कहा कि वियना की मारिया इम्माकुलाता चर्च में स्थानीय समयानुसार दोपहर डेढ़ बजे हमला हुआ। हमलावरों ने चर्च पर हमला किया और चार घंटे तक लूट की वारदात को अंजाम दिया।



पुलिस के मुताबिक हमलावर अभी भी चर्च परिसर में छिपे हो सकते हैं। पुलिस ने ट्विटर पर कहा, आशंका है कि हमलावर और पीड़ित अभी चर्च की इमारत के विशाल परिसर में हो। घटनास्थल की घेराबंदी कर दी गयी है। पुलिस तलाशी अभियान चला रही है। दोषियों को पकड़ने के लिए जांच जारी है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मेक्सिको में बस ओवरपास से गिरी, सात की मौत

मेक्सिको सिटी (आरएनएस)। मेक्सिको के सैन लुई पोतोसी राज्य के सांता मारिया डेल रियो शहर में एक बस के ओवरपास से नीचे गिर जाने से सात लोगों की मौत हो गयी और कम से कम 14 अन्य घायल हो गये।

### अफगानिस्तान में कम से कम 15 आतंकी ढेर

काबुल (आरएनएस)। अफगानिस्तान के दक्षिण-पूर्वी गजनी प्रांत में अफगानिस्तान राष्ट्रीय रक्षा एवं सुरक्षा बल और अमेरिकी सेना की कार्रवाई में कम से कम 15 आतंकवादी मारे गये हैं।

### बुर्किना फासो में हमला, 10 पुलिसकर्मियों की मौत

बुर्किना फासो (आरएनएस)। अफ्रीकी महाद्वीप स्थित देश बुर्किना फासो के उत्तर-पश्चिमी प्रांत सोरो में घात लगाकर किये गये एक हमले में 10 पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी। बुर्किना फासो के सुरक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

### मेट्रो में लगी आग, पैसेंजर्स को निकाला जा रहा है बाहर

कोलकाता (आरएनएस)। कोलकाता मेट्रो में आग लगने की खबर है. फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है. जिस वक्त ये घटना हुई उस समय कई पैसेंजर्स इसमें सवार थे. ये घटना रवीन्द्र सदन और मैदान मेट्रो स्टेशन के बीच हुई है. पैसेंजर्स को फिलहाल ट्रेन से बाहर निकाला जा रहा है. कोलकाता पुलिस और डिजास्टर मैनेजमेंट के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं.

### अब पिता बनने पर मिलेगी 730 दिन की छुट्टी

**पुरुष कर्मचारियों को केंद्र सरकार का तोहफा**

नईदिल्ली (आरएनएस)। नए साल से पहले केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों को बड़ा तोहफा देने जा रही है। 7वें वेतन आयोग की ओर से एकल पिता को भी चाइल्ड केयर लीव देने की सिफारिश पर केंद्र ने मुहर लगाकर गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. पहले ये छुट्टी सिर्फ महिला कर्मचारियों को मिलती थी, लेकिन अब ये चाइल्ड केयर लीव पुरुषों को भी मिलेगी. इसके मुताबिक पुरूष कर्मचारी को 730 दिन की छुट्टी बच्चों की देखभाल के लिए मिलेगी. लेकिन ये सुविधा केवल उन्हे ही मिलेगी जिनकी पत्नी की मौत हो चुकी है या फिर जिनके बच्चे 18 साल से कम उम्र के हैं.

### केंद्र सरकार ने गगनयान प्रॉजेक्ट के लिए 10,000 करोड़ रुपये मंजूर, तीन भारतीय अंतरिक्ष में गुजारेंगे 7 दिन

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने महत्वाकांक्षी गगनयान प्रॉजेक्ट के लिए 10,000 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है। इस मिशन के तहत तीन सदस्यीय क्रू कम से कम 7 दिन के लिए अंतरिक्ष की यात्रा पर जाएगा। केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बताया कि शुक्रवार को कैबिनेट ने इस अभियान के लिए राशि के आवंटन को मंजूरी दे दी।

### विदेशी पत्रकार भारत में काम करने वाले को इस मामले में नहीं मिलेगी छूट

नई दिल्ली। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि सभी विदेशियों को भारतीय कानून का सम्मान करना होगा और जो विदेशी कानून का उल्लंघन करते पाए जाएंगे वो दंड के भागी होंगे, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें सदा के लिये काली सूची में डाल दिया जाएगा. अधिकारी का यह बयान वीजा नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में रॉयटर्स के एक पत्रकार को भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं देने के बाद आया है.

## रोटी के लिए प्रदर्शन, 19 लोगों की मौत, 219 घायल

खारतुम (आरएनएस)। रोटी की कीमतों में हुई वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों और सूडान की दंगा-रोधी पुलिस के बीच हुई झड़पों में 19 लोग मारे गए हैं। सरकार ने गुरुवार को बताया कि मरने वालों में दो सुरक्षाकर्मी भी शामिल हैं। बता दें कि सूडान में भुखमरी एक बड़ी समस्या है। बड़ी संख्या में लोग इस सरकारी फैसले के विरोध में हैं। सरकारी प्रवक्ता बोशरा जुमा ने टीवी पर बताया कि घटनाओं में दो सुरक्षाकर्मियों सहित 19 लोग मारे गए हैं। 219 लोग घायल हुए हैं। रोटी की कीमत एक सूडानी पौंड से बढ़ाकर तीन सूडानी पौंड करने के सरकारी फैसले का बुधवार से ही विरोध हो रहा है। इससे पहले गुरुवार को विरोध प्रदर्शन सूडान की राजधानी खारतूम तक पहुंच गया जहां राष्ट्रपति भवन के पास एकत्र भीड़ को तितर-बितर करने के लिए दंगा-निरोधी पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। इस बीच शहर के सांसद मुबारक अल नूर ने अनुरोध किया था कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बल प्रयोग ना किया जाए।



## सरकार बना रही एयर इंडिया को उबारने की योजना : मंत्री

मुंबई (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने एयर इंडिया को संकट से उबारने की योजना तैयार की है, जिसमें एक सकल वित्तीय पैकेज के साथ ही कंपनी के गैर-प्रमुख अचल संपत्तियों की बिक्री शामिल है। नागरिक विमानन राज्यमंत्री जयंत सिन्हा ने लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में कहा, सरकार ने एयर इंडिया को संकट से उबारने की योजना तैयार की है, जो एक प्रतिस्पर्धी और लाभदायक समूह बनाने पर केंद्रित है।

मंत्री के अनुसार, इस योजना में कई प्रमुख तत्व शामिल हैं जैसे कि एक व्यापक वित्तीय पैकेज जिसमें गैर-प्रमुख कर्जे और परिसंपत्तियां एक एसपीवी (स्पेशल पर्पज वेहिकल) को स्थानांतरित करना और सहायक कंपनियों का रणनीतिक विनिवेश शामिल है। इस योजना में एयरलाइन द्वारा अपने प्रबंधन को मजबूत करने और एयरलाइन के मुख्य व्यवसायों में से प्रत्येक के लिए अलग-अलग व्यापार रणनीतियों को अपनाकर परिचालन दक्षता का उच्च स्तर हासिल करने पर जोर दिया गया है।



लोकसभा में एक अन्य सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा, सरकार एयर इंडिया (एआई) के विनिवेश के लिए प्रतिबद्ध है। इस संबंध में, एआईएसएएम (एयर इंडिया विशिष्ट वैकल्पिक तंत्र) ने सहायक कंपनियों के विनिवेश को अलग से तय करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा, इसके अलावा, एआईएसएएम ने एआई की सहायक कंपनियों की बिक्री के लिए मंजूरी दे दी है और एआईएटीएसएल की बिक्री में तेजी लाने का निर्देश दिया है। सरकार द्वारा एयर इंडिया की बहुसंख्यक हिस्सेदारी बेचने की योजना असफल हो जाने अब एयर इंडिया को उबारने की योजना बनाई जा रही है। एयर इंडिया की हिस्सेदारी खरीदने के लिए 31 मई 2018 तक कोई भी सामने नहीं आया था।

## अदालत ने 10 आरोपियों को रिमांड पर भेजा

नई दिल्ली (आरएनएस)। आईएसआईएस से प्रेरित एक संदिग्ध आतंकी मॉड्यूल के गिरफ्तार 10 लोगों को एनआईए ने दिल्ली की अदालत के समक्ष पेश किया। इन्हें 12 दिन की रिमांड पर भेजा गया है। दिल्ली की अदालत ने बंद कमरे में सुनवाई का आदेश दिया था। एनआईए ने 10 आरोपियों को 15 दिन की रिमांड मांगी थी।

बता दें एनआईए ने बुधवार को उत्तर प्रदेश और दिल्ली की 16 जगहों पर छापेमारी की थी। ये जगह आतंकी संगठन आईएसआईएस के नए मॉडयूल शहरकत उल हर्ब ए इस्लामश् से जुड़ी थीं। मामले में कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया। उत्तर भारत, खासकर राष्ट्रीय राजधानी में बम धमाकों को अंजाम देने की कथित योजना बना रहे आईएसआईएस के एक नए मॉड्यूल की जांच के सिलसिले में एनआईए अलग-अलग शहरों में खुफिया तरीके से संदिग्ध लोगों को हिरासत में ले रही है। मुरादाबाद से आतंकवादी गतिविधियों को देख दिल्ली की स्पेशल सेल और एटीएस ने छापेमारी शुरू की थी। अमरोहा के नौगांवा सादात थाना क्षेत्र स्थित सैदपुर इम्मा गांव में भी छापेमारी की गई।



इस दौरान एटीएस स्थानीय पुलिस के फोन जब्त कर लिए गए। गांव के ही एक निवासी सईद के घर पर भी छापेमारी की गई। सूत्रों के अनुसार इनसे भारी मात्रा में तमंचा और विस्फोटक पदार्थ बरामद किए गए हैं। अपुष्ट सूत्रों का कहना है कि टीम ने संदिग्ध लोगों के ठिकानों से बड़ी मात्रा में आरडीएक्स, जिलेटिन छड़ें और टाइमर बरामद किया।

## चोरों की नींद हराम हुई, क्योंकि देश का चौकीदार सोने को तैयार नहीं

धर्मशाला (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश में जयराम ठाकुर सरकार के एक साल पूरे होने पर आयोजित जन आभार रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों और जवानों के बहाने कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने वन रैंक, वन पेंशन के नाम पर झूठ बोला और मात्र 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया। कर्जमाफी के नाम पर भी कांग्रेस पार्टी झूठ बोल रही है। पंजाब और कर्नाटक के सारे कर्जदार किसानों को अब तक इसका लाभ नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि चोरों की नींद हराम हो गई है, क्योंकि देश का चौकीदार सोने को तैयार नहीं है।

**हिमाचल में पीएम मोदी का कांग्रेस पर अटैक**

पीएम मोदी ने कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार पर हिमाचल प्रदेश के साथ भेदभाव का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार से पहले की केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश को 21 हजार करोड़ देती थी लेकिन जब उनकी सरकार बनी तो इसे बढ़ाकर 72 हजार करोड़ रुपये कर दिया गया। हिमाचल प्रदेश आकर उन्हें घर जैसा अहसास होता है।

### वीरता, शौर्य और सामर्थ्य इस धरती के लोगों के खून में

उन्होंने कहा, वीरता, शौर्य और सामर्थ्य इस धरती के लोगों के खून में है। हिमाचल देवी और देवताओं की भूमि देवभूमि है, यहां का हर गांव देवी-देवताओं का अपना गांव है। यहां शांति की कोख से वीरता पैदा होती है। यह हिमाचल प्रदेश की विशेष पहचान है। एक साल के अंदर हिमाचल प्रदेश सरकार ने इतने कदम उठाए हैं कि मैं उन्हें बधाई देता हूं।

पीएम मोदी ने कहा, जयराम सरकार ने इतना काम किया है कि पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी यही रहेगी। यह राज्य इतना उभरेगा कि पहाड़ी राज्यों में कोई इसका मुकाबला नहीं कर पाएगा। प्रधानमंत्री ने राज्य में विपक्षी कांग्रेस पार्टी पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा, जब दिल्ली में पुरानी सरकार थी तो हिमाचल को 21 हजार करोड़ रुपये मिलता था वहीं अब 72 हजार करोड़ रुपये दिया जा रहा है। यानी पहले वाली सरकार से 50 हजार करोड़ रुपये ज्यादा।

## राजधानी में और बढ़ेगी ठंड

**तापमान 2 डिग्री तक हो जाने की आशंका**

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी में गुरुवार का दिन अन्य दिनों की तुलना में आर्द्रता की दृष्टि से न्यूनतम रहीं । पूरे एनसीआर की बात करें तो 1.4 डिग्री तापमान के साथ गुड़गांव सबसे सबसे ठंडा रहा। मौसम विभाग के अनुसार 29 और 30 दिसंबर को दिल्ली का तापमान 2 से 3 डिग्री तक जा सकता है। यदि ऐसा हुआ तो पिछले कई सालों का रेकॉर्ड टूट जाएगा। साल के अंत तक ठंड का प्रकोप इसी तरह बना रहेगा। धूप हल्की रहने से दिन में भी अब लोगों को सिहरन महसूस होने लगी है। हालांकि अधिकतम तापमान अभी 22 डिग्री बना हुआ है जो सामान्य से एक डिग्री अधिक है। दिल्ली के सबसे ठंडे इलाकों में सफदरजंग (3.4 डिग्री), लोदी रोड (3.6 डिग्री), आया नगर (3.7 डिग्री), गुरुग्राम (2.6 डिग्री), जफरपुर (4.2 डिग्री), मंगेशपुर (4.6 डिग्री) थे।

## एक साल बाद पटरी पर लौटी भारत-चीन की दोस्ती

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारत और चीन के संबंध एक बार फिर पटरी पर लौट आए हैं. पिछले साल दो महीने से ज्यादा समय तक चले डोकलाम विवाद के कारण आई कड़वाहट को भुलाकर अब दोनों देश एक सकारातमक दिशा में आगे बढ़ रहे हैं.

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार दोनों देशों के संबंधों में सकारात्मक विकास हुआ है. बीजिंग ने भारतीय उत्पादों को अपने बाजार में जगह दी है. सूत्र ने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच बढ़ते व्यापार असंतुलन को पाटने के लिए अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है.



डोकलाम सेक्टर में पिछले साल भारत और चीन की सेनाओं के बीच 73 दिन तक चले गतिरोध के बाद दोनों देशों के संबंधों में ठंडापन आ गया था. सूत्रों ने बताया कि दोनों पड़ोसियों के बीच राजनीतिक संबंध न सिर्फ सामान्य हुआ है बल्कि पिछले एक वर्ष में यह बेहतर भी हुआ है.

साथ ही उन्होंने बताया कि भारत चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) और जिस प्रकार उस परियोजना में अंतरराष्ट्रीय नियमों की धज्जियां उड़ायी जा रही हैं, उसे लेकर चिंतित है. सूत्रों ने यह भी कहा कि भारत चीन से आशा करता है कि वह हमारे उत्पादों को अपने बाजार में जगह देने के लिए बातचीत करेगा.

### क्या है डोकलाम विवाद?

डोकलाम एक विवादित भूभाग है जिसपर चीन और भूटान दोनों ही अपना दावा ठोंकते हैं. भारत मानता है कि वह भूखंड भूटान का है.

## केजरीवाल को पार्टी चीफ बनाए रखने आप करेगी संविधान में बदलाव

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के खेमे से बड़ी खबर आ रही है. कहा जा रहा है कि अरविंद केजरीवाल को पार्टी चीफ बनाए रखने के लिए आप अपने संविधान में बदलाव की तैयारी में है. कल यानी शनिवार को दिल्ली में आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति की बैठक होने वाली है. सूत्रों के मुताबिक इसी बैठक में पार्टी के संविधान में संसोधन किया जा सकता है. आम आदमी पार्टी के मौजूदा कानून के मुताबिक कोई भी पार्टी का अधिकारी दो बार और तीन साल से ज्यादा किसी पद पर नहीं रह सकता है. लेकिन पार्टी के संविधान में संसोधन के बाद कोई भी दो बार से ज्यादा अपने पद पर बने रह सकता है. अरविंद केजरीवाल अब तक लगातार दो बार पार्टी के मुखिया रह चुके है. कहा जा रहा है कि उनका कार्यकाल मई 2019 में खत्म हो रहा है. सूत्रों के मुताबिक लोकसभा चुनाव को देखते हुए ऐसा फैसला लिया जा सकता है.

